राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण
RNI No. MPHIN/25/A2500
www.janodaypunch.com

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | बुधवार, 11 फरवरी 2026, डिजीटल संस्करण | कीमत : 1 रुपए

पानसेमल विधायक बरडे ने मुख्यमंत्री यादव से की भेंट, विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

भोपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से मिले विधायक बरडे, संगठन और जनसेवा पर संवाद

रमन बोरखड़े, पानसेमल

मंगलवार को पानसेमल विधायक श्री श्याम बरडे ने भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर विधायक बरडे ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनहित के विषयों पर मुख्यमंत्री से सार्थक चर्चा की। बैठक के दौरान विकास कार्यों को गति देने, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और क्षेत्र की प्राथमिकताओं को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ।

इसके बाद विधायक श्री श्याम बरडे ने भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से भी मुलाकात की। इस भेंट को विधायक बरडे ने प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर उन्हें नई ऊर्जा और मार्गदर्शन मिला। चर्चा के दौरान संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और जनसेवा से



जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।



विधायक बरडे ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का स्नेह और मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा संगठन के माध्यम से जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया

महिला स्व-सहायता समूहों ने जनसुनवाई में उठाया लेनदेन घोटाले का मामला, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

जनोदय पंच। बड़वानी

राजपुर तहसील के ग्राम बिलवानी की 15 से 20 महिलाओं ने तीन समूहों के ऋण वितरण और किश्त जमा में गड़बड़ी का आरोप लगाया।

बड़वानी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान तहसील राजपुर के ग्राम बिलवानी की 15 से 20 महिलाओं ने तीन महिला स्व-सहायता समूहों में ऋण वितरण और किश्त जमा में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत की। कलेक्टर जयति सिंह ने जांच और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

बड़वानी जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्राम बिलवानी, तहसील राजपुर की 15 से 20 महिला सदस्यों ने तीन महिला स्व-सहायता समूहों में लेनदेन की गंभीर अनियमितताओं की शिकायत की। महिलाओं ने कलेक्टर के समक्ष समूह की बुक की जांच कराने और पूरे हिसाब की मांग की।

पूरी राशि नहीं मिलने का आरोप

महिलाओं द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के अनुसार, गायत्री सहायता समूह, अन्नपूर्णा सहायता समूह और माँ लक्ष्मी सहायता समूह के नाम से लिए गए ऋण की पूरी राशि सदस्यों को नहीं दी गई। शेष राशि का आज तक कोई हिसाब नहीं दिया गया। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि उनसे वसूली गई किश्त की राशि बैंक में जमा नहीं कराई गई, जिससे समूह की सदस्य आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं।

समूहों में बताई गई राशि का विवरण

गायत्री सहायता समूह द्वारा कुल 9 लाख 12 हजार 500 रुपये का ऋण लिया गया था, जिसमें से केवल 5 लाख 68 हजार 100 रुपये ही महिलाओं को दिए गए। शेष 3 लाख 44 हजार 400 रुपये का कोई लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है। इसी प्रकार, अन्नपूर्णा सहायता समूह में 4 लाख 74 हजार 109 रुपये के ऋण में से केवल 3 लाख रुपये का वितरण किया गया, जबकि 1 लाख 74 हजार 109 रुपये का हिसाब नहीं मिला।

वहीं, माँ लक्ष्मी सहायता समूह में 6 लाख रुपये के ऋण में से सिर्फ 2 लाख रुपये ही सदस्यों को दिए गए, जबकि 4 लाख रुपये की राशि का कोई स्पष्ट विवरण नहीं है।

कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

महिलाओं ने बताया कि संबंधित बुक कीपरों पर भरोसा कर लेनदेन का कार्य सौंपा गया था, लेकिन उनके द्वारा न तो पूरी राशि का वितरण किया गया और न ही



महिलाओं से एकत्रित किश्त की रकम बैंक में जमा कराई गई। इस संबंध में आजीविका मिशन राजपुर को भी पूर्व में सूचना दी गई थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर जयति सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि तीनों समूहों के लेनदेन की जांच कराई जाएगी और प्रकरण का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि महिलाओं को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।